<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय से 19 फ्रांसीसी विद्यार्थियों को दी गयी विदाई</u>

पंतनगर। 27 अगस्त 2024। फ्रांस के दूतावास में वैज्ञानिक सहयोग के अटैची, डा. डिडियर राबोइसन ने कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से मुलाकात की जिससे इस डेफिया कार्यक्रम को और सशक्त बनाया जा सके। विश्वविद्यालय में डेफिया कार्यक्रमों को मजबूत करने के लिए एक बैठक 24 अगस्त 2024 को आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा 19 फ्रांसीसी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कुलपति द्वारा प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद ने बताया कि विश्वविद्यालय में डेफिया कार्यक्रम के अन्तर्गत फ्रांस के 19 विद्यार्थियों का एक दल एक माह के लिए 26 जुलाई 2024 को विश्वविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण हेतु आया था। इस दल द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों, प्रक्षेत्र इकाईयों एवं शोध केन्द्रों, संचार निदेशालय आदि का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की तथा उन्होंने 78वें स्वतंत्रता दिवस को विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

फ्रांसीसी विद्यार्थी को सम्मानित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान

निदेशक संचार